20वाँ गवर्नर कप गोल्फ टूर्नामेंट-2025

चर्चा में क्यों?

राजभवन गोल्फ क्लब, नैनीताल द्वारा आयोजित 20वाँ **गवर्नर कप गोल्फ टूर्नामेंट**, 1 जून 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

- उत्तराखंड के **राज्यपाल** ने विभिन्न श्रेणियों में विजिताओं और उपविजिताओं को पुरस्कार प्रदान किये।

मुख्य बिंदु

- **टूर्नामेंट के बारे में:**
  - **यह टूर्नामेंट** 30 मई से 1 जून 2025 तक तीन दिनों तक नैनीताल, उत्तराखंड में आयोजित किया गया था।
  - इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से कुल **177 गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया।**
- **महत्त्व:**
  - बच्चों, युवाओं और छात्रों को गोल्फ में रुचि लेने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये राजभवन गोल्फ कोर्स 2024 में खोला गया।
  - **खेल में महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये** विशेष प्रयास किये गए हैं।
- **2025 के विजिता:**

वर्ग	विजिता
सुपर वेटरन ग्रॉस श्रेणी	कर्नल एस.सी. गुप्ता
महिला वर्ग	सृष्टि धिन
ग्रॉस श्रेणी	ज़फर इकबाल
नेट श्रेणी (15-17 आयु वर्ग)	अमायरा बजाज
अमैच्योर श्रेणी (12-14 आयु वर्ग)	समृद्ध चंद ठाकुर

राज भवन गोल्फ क्लब, नैनीताल

- नैनीताल में राजभवन गोल्फ क्लब की **स्थापना वर्ष 1926 में** गवर्नमेंट हाउस एस्टेट के हिस्से के रूप में की गई थी।
- यह कोर्स नैनीताल के **पर्वतीय क्षेत्र** में समुद्र तल से 6,700 से 7,000 फीट की ऊँचाई पर हरे-भरे, मिश्रित वनों में स्थित है।
- राज भवन गोल्फ क्लब का एक समृद्ध **ऐतिहासिक विरासत** है और इसे पूरे भारत में **गोल्फ खिलाड़ियों के लिये एक प्रमुख गंतव्य** माना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/20th-governor-s-cup-golf-tournament-2025